कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कबीरधाम

क्रमांक 3472/आजाक/पो.मै.ऑन.छात्र./2023–24 कबीरधाम दिनांक 02/01/2024

प्रति,

सर्व प्राचार्य
शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
....
विकासखण्ड–कवर्धा/बोडला/पंडरिया/स.लोहारा
जिला–कबीरधाम(छ.ग.)

विषय :– वर्ष 2023–24 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति(कक्षा 12वीं से उच्चतर) आवेदन एवं स्वीकृति करने हेतु तिथि वृद्धि की सूचना विज्ञप्ति बाबत्।

संदर्भ :– आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इंद्रावती भवन अटल नगर रायपुर का पत्र क्रमांक/ऑ.ला.पो.मै.छा./162/2023–24/10645 नवा रायपुर दिनांक 29.12.2023

---00---

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रानुसार वर्ष 2023–24 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाईट पर ऑनलाईन प्रारंभ की गई है।

विद्यार्थियों के आवेदनों एवं संस्थाओं के प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2023–24 हेतु निम्नानुसार तिथि वृद्धि निर्धारित की जा रही है:–

क्र.	प्रकिया	अंतिम तिथि
1	2	3
1	विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन/नवीनीकरण)	दिनांक 31.12.2023 से दिनांक 15.01.2024 तक
2	Draft Proposal Lock करने हेतु	दिनांक 31.12.2023 से दिनांक 25.01.2024 तक
3	Sanction Order Lock करने हेतु	दिनांक 31.12.2023 से दिनांक 10.02.2024 तक

कृपया निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023–24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं **Draft Proposal Lock** अथवा **Sanction Order Lock** करने का अवसर भी प्रदान नहीं किये जाने का निर्देश प्राप्त है। प्राप्त निर्देशानुसार उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नही करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के पात्रता रखने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित होने की स्थिति में संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

नोटः–

1- **PFMS** के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका **बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि** ही करना सुनिश्चित करें।

2- सत्र 2023–24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किये गये आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी.(**OTP**) के माध्यम से किया जाना है। विद्यार्थी **आधार नम्बर पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर की प्रविष्टि आवेदन करते समय करना सुनिश्चित करेंगे**।

सहायक आयुक्त 02/01/24
आदिवासी विकास कबीरधाम

पृ0क्रमांक/3473/आजाक/पो.मै.ऑन.छात्र./2023–24 कबीरधाम दिनांक 02/01/2024

प्रतिलिपिः–

1–आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2–कलेक्टर, जिला कबीरधाम की ओर सादर सूचनार्थ।
3–सहायक संचालक, जनसंपर्क कबीरधाम की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि कृपया उपरोक्तानुसार जानकारी जिले में प्रकाशित होने वाले दो स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में लगातार तीन दिवस निःशुल्क प्रकाशन कराने का कष्ट करेंगे।

सहायक आयुक्त 02/01/24
आदिवासी विकास कबीरधाम

Scanned by CamScanner